HARSCO

# व्यावसायिक सहभागियों के लिए आचार संहिता नीति




## हार्स्को की प्रतिबद्धता

हार्स्को कार्पोरेशन, इसकी सम्बंधित संस्थाएं (“हार्स्को”) एजंट्स, ठेकेदारों, सलाहकारों, आपूर्तिकर्ताओं और विक्रेताओं (सामूहिक “व्यावसायिक सहभागियों”) के साथ अपने व्यापार की प्रणाली (बाहरी रिंग) और मूल्यों (आतंरिक रिंग) का प्रबंधन करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। (नीति “या” हार्स्को प्रदायक आचार संहिता) के लिए इस आचार संहिता नीति में सिद्धांतों को लागू करने के लिए और ऐसे तरीकों से कार्य करने के लिए जो हार्स्को की प्रदायक आचार संहिता के अनुरूप हैं हार्स्को सभी व्यावसायिक सहभागियों से आशा करता है और प्रोत्साहन प्रदान करता है। हार्स्को इन अपेक्षाओं पर खरे न उतरने वाले व्यावसायिक सहभागियों के साथ कार्य न करने, या उनके साथ कार्य को बंद करने का चयन कर सकता है।

इस नीति को लेकर किसी भी प्रकार के प्रश्नों के लिए कृपया compliance@harsco.comपर हार्स्को वैश्विक अनुपालन और नैतिकता पर संपर्क करें।

## इस नीति का कार्य-क्षेत्र

हमारी नीति हार्स्को आचार संहिता पर आधारित है और उन व्यवहार और नैतिक मानकों के नियमों को परिभाषित करती है जो हार्स्को के सभी व्यावसायिक सहभागियों पर लागू होते हैं। इस नीति का उद्देश्य व्यावसायिक सहभागियों द्वारा अनुसरण किए जाने के लिए सभी नैतिक और व्यावसायिक आचरण आवश्यकताओं की एक विस्तृत सूची के रूप में नहीं है। हार्स्को अपने व्यावसायिक सहभागियों से यह आशा करता है कि वे जागरूकता बढ़ाने और अच्छी व्यावसायिक प्रथाओं को सुनिश्चित करने के लिए इस नीति में सिद्धांतों पर उचित रूप से अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षित करें।

इस नीति के लिए व्यावसायिक सहभागी की प्रतिबद्धता को सत्यापित करने के लिए हार्स्को अपने व्यावसायिक सहयोगियों और उनके उप-ठेकेदारों के अनुपालन को ऑडिट करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

## घूसखोरी, पिच्छट और धोखा

सरकारी अधिकारी को रिश्वत के भुगतान सहित हार्स्को के कर्मचारी, या सरकारी अधिकारी के आचरण को प्रभावित या समझौता करने के लिए रिश्वत, पिच्छट, या अन्य भुगतान के रूप में किसी भी धन या संपत्ति का भुगतान, उधार या अन्य रूप में नहीं किया जा सकता। किसी अवैध व्यापारिक लाभ को प्राप्त करने के लिए किसी अन्य व्यक्ति को

दिया गया मूल्य रिश्वत  हो सकता है।  कोई भी आइटम या सेवा जिसे व्यापार के निर्णय को प्रभावित करने के उद्देश्य स� दिया जाता है, वह रिश्वत के रूप में योग्य हो सकता है।  व्यावसायिक भागीदार को ऐसी किसी भी कार्रवाई से बचना चाहिए जो व्यापार को प्राप्त करने के उद्देश्य से हार्सको किसी कर्मचारी, काउंटरपार्टी या सरकारी आधिकारी मूल्य को कुछ प्रदान करे, क्योंकि ऐसा कोई भी कार्य भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों और इस नीति का उल्लंघन करता है।

सरकारी अधिकारियों के साथ बातचीत के बारे में किसी भी प्रश्न के लिए, कोई भी कार्रवाई करने से पहले compliance@harsco.com पर ग्लोबल अनुपालन और नैतिकता स� संपर्क करें।

## जिम्मेदारी के साथ अनुबंध करना

हार्स्को यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि यह अनुबंध में प्रवेश करते समय हार्स्को मानदंडों का रखरखाव और उन्हें कायम रखता है। हार्स्को के साथ अनुबंध में प्रवेश करते समय हार्स्को अपने व्यावसायिक सहभागियों और उनके उप-ठेकेदारों से समान सिद्धांतों को लागू करने की आशा करता है।

सभी व्यावसायिक सहभागियों को हार्स्को के प्रति अपनी अनुबंधित प्रतिबद्धताओं का सम्मान करना चाहिए। व्यापारिक सहभागियों को अन्य निविदाकर्ताओं, वितरकों, आपूर्तिकर्ताओं या ठेकेदारों के साथ सांठ-गांठ नही करना चाहिए, या विरोधी प्रतिस्पर्धी व्यवहार की किसी अन्य गतिविधि में संलग्न नहीं होना चाहिए।

## यथोचित परिश्रम

सभी बिजनेस पार्टनर्स को हमारी जोखिम आधारित यथोचित परिश्रम स्क्रीनिंग प्रक्रिया में भाग लेना आवश्यक है। इसमें सभी आवश्यक फॉर्म्स को पूरा करना और किसी भी अनुरोधित दस्तावेज (*उदा.,* वित्तीय रिकॉर्ड्स) को प्रस्तुत करना सम्मिलित है।

## कानूनों का अनुपालन

व्यावसायिक सहभागियों को अपने व्यापार और हार्स्को के साथ उनके संबंध पर लागू होने वाले सभी कानूनों और नियमों का पालन करना चाहिए।  बिना किसी सीमा के, इनमें (a) विरोधी रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार (जिसमें विदेशी भ्रष्ट व्यवहार अधिनियम, यूके रिश्वतखोरी अधिनियम और ब्राजील क्लीन कम्पनी अधिनियम सम्मिलित है, लेकिन इस तक सीमित नहीं है) (b) माल, तकनीकी डेटा, सॉफ्टवेयर और सेवाओं के निर्यात, पुन: निर्यात और पुन: प्रेषण (c) माल का आयात; (d) श्रम और रोजगार; (e) विवादित खनिज पदार्थ; (f) पर्यावरण; (g) आर्थिक स्वीकृति और प्रतिबंध, (h) डेटा सुरक्षा, (i) विरोधी गुलामी और मानव तस्करी; (j) अमेरिकी एंटीबायकोट अधिनियम; तथा (k) प्रतियोगिता आवश्यकताओं को संचालित करने वाले सभी लागू कानूनों और नियम सम्मिलित हैं।

## हितों में टकराव

हार्स्को के लिए व्यापार की कार्यप्रणाली में संभावित रूप से जब कोई व्यावसायिक सहभागी अपने व्यवसायिक हितों और/या निजी परिस्थितियों को आगे बढ़ाता है तो हितों में टकराव उत्पन्न हो सकता है। सभी व्यावसायिक सहभागियों

को हार्स्को के साथ अपने कार्य में उत्पन्न होने वाले किसी भी हितों के टकराव से बचना चाहिए। व्यावसायिक सहभागियों को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी उप-ठेकेदार ऐसी परिस्थितियों से बचें।

कोई भी व्यावसायिक सहभागी जिसे वास्तविक, संभावित या कथित रूप से हितों के संघर्ष का संदेह होता है तो उसे तुरंत स्थिति को प्रकट करना और compliance@harsco.com. पर हार्स्को वैश्विक अनुपालन और नैतिकता (जीसीई) टीम को लिखित में सूचित करना अनिवार्य है।

## पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा (ईएचएस)

व्यावसायिक सहभागियों से अपेक्षित है कि सभी संबंधित पर्यावरण और कर्मचारी स्वास्थ्य और सुरक्षा कानूनों और विनियमों के अनुपालन में सभी गतिविधियों का संचालन किया जाए। पर्यावरणीय, स्वास्थ्य या सुरक्षा कानूनों, नियमों या कंपनी प्रथाओं के किसी भी संभावित उल्लंघन या स्थापित ईएचएस प्रक्रियाओं के उल्लंघन क� अनुरोधों के बारे में तुरंत हार्स्को को सूचित करना आवश्यक है।

## उपहार, यात्रा और मनोरंजन

वह उपहार जिन्हें हार्स्को के कर्मचारी को अनुचित तरीके से प्रभावित करने के प्रयासों के रूप में देखा जाए उनकी कभी भी अनुमति नहीं है। हार्स्को के कर्मचारियों को व्यावसायिक सहभागियों की ओर से सामान्य उपहार, भोजन और मनोरंजन के अलावा कुछ भी स्वीकार करना या उन्हें प्रदान करना निषिद्ध है। एक उपहार में सम्मिलित है, लेकिन इस तक सीमित नहीं है, मूर्त वस्तुओं के साथ ही अमूर्त वस्तुएं जैसे कि कार्यक्रमों के लिए टिकट, अनुग्रह, विशेष छूट, रोजगार की पेशकश, ऋण आदि। सामान्य व्यापारिक भोजन और प्रशंसा के छोटे टोकन जैसे कि अवकाश के समय उपहार की टोकिरयां ठीक हैं, लेकिन व्यावसायिक सहभागियों को को हार्स्को के कर्मचारियों को यात्रा, बारंबार भोजन या महंगे उपहार देने से बचना चाहिए। नकद या नकद समकक्ष उपहार, जैसे उपहार कार्ड, की कभी भी अनुमति नहीं दी जाती है।

हार्स्को व्यापारिक भागीदार के खर्चों के लिए कितना भुगतान कर रहा है, इस तरह के सभी खर्च हार्स्को की अपनी यात्रा और मनोरंजन नीति की आवश्यकताओं के अनुरूप उचित और सुसंगत होना आवश्यक है।

## मानव अधिकार और बाल श्रम

हम उम्मीद करते हैं कि हमारे व्यापारिक भागीदार मानवाधिकारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को साझा करेंगे: लोगों के साथ आदर और सम्मान के साथ व्यवहार करना; विविधता, विविध राय और समावेश को प्रोत्साहित करना; सभी के लिए समान अवसर को बढ़ावा देना; और नैतिक व्यापारिक प्रथाओं में संलग्न होना।

हमें हमारे व्यापारिक भागीदारों से यह सुनिश्चित करवाने की आवश्यकता है कि बलपूर्वक श्रम, गुलामी और मानव तस्करी सहित - बाल श्रम को श्रम के प्रदर्शन में उपयोग नहीं किया जाता है। शब्द "बच्चे" किसी भी ऐसे व्यक्ति को संदर्भित करता है जहां रोजगार के लिए न्यूनतम कानूनी आयु के अंतर्गत कार्य का प्रदर्शन किया जाता है।

## बौद्धिक सम्पदा

व्यावसायिक सहभागियों से आशा की जाती है कि वे हार्स्को की सभी बौद्धिक संपदाओं की रक्षा और उनका सम्मान करें जिसमें सम्मिलित हैं लेकिन उन तक सीमित नहीं हैं हार्स्को के सभी पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, व्यापारिक रहस्य, तकनीकी जानकारी और अन्य गोपनीय या स्वामित्व वाली जानकारी। हार्स्को से पूर्व लिखित अनुमति के बिना व्यावसायिक सहभागियों को किसी भी बौद्धिक संपदा या हार्स्को से संबंधित अन्य स्वामित्व संबंधी जानकारी का उपयोग करने का कोई अधिकार नहीं है।

## दुर्व्यवहार की रिपोर्टिंग

ऐसी रिपोर्टिंग के लिए लागू कानूनी प्रतिबंधों के अधीन, हार्स्को व्यावसायिक सहभागियों से गैरकानूनी या अनैतिक व्यवहार या हार्स्को की अखंडता रेखा के अंतर्गत इस नीति का कोई उल्लंघन करने की रिपोर्ट करने की आशा रखता है।

- ईमेल: compliance@harsco.com
- फोन: 866.203.4957 (अंग्रेज़ी; फोन द्वारा उपलब्ध अन्य भाषा विकल्प)
- वेब: http://compliance.harsco.com/

व्यावसायिक सहभागियों से हार्स्को और व्यावसायिक सहभागियों से जुड़े किसी भी आचार संहिता के आरोपों की जांच म�� हार्स्को की सहायता की अपेक्षा की जाती है।

<u>अभिस्वीकृति</u>

व्यापारिक भागीदार की ओर से, मैंने हार्स्को व्यापारिक भागीदार आचार संहिता को पढ़ा और समझा, और स्वीकार किया कि व्यापारिक भागीदार को इसका अनुपालन करना आवश्यक है।

व्यापारिक भागीदार की ओर से, मैं समझता हूं कि हार्स्को व्यापारिक भागीदार आचार संहिता के बारे में किसी भी प्रश्न के संबंध में हार्स्को की किसी भी वैश्विक अनुपालन एवं आचार को संपर्क किया जाना चाहिए।

मैं समझता हूं कि मैं हार्स्को व्यावसायिक आचार संहिता के कथित उल्लंघन को हार्स्को की अखंडता रेखा में प्रस्तुत कर सकता हूं और संभावित रूप से होने वाली किसी भी जांच में सहयोग प्रदान करूंगा।

________________________________________ ________________

हस्ताक्षर (व्यापारिक भागीदार की ओर से) दिनांक

________________________________________

व्यापारिक भागीदार के प्रतिनिधि का मुद्रित नाम और शीर्षक

________________________________________ ______________________________

व्यापारिक भागीदार का नाम हार्स्को डिवीजन

इस अभिस्वीकृति को complianceduediligence@harsco.com और संपर्क के आपके हार्स्को डिवीजन स्थल पर लौटा दिया जाना चाहिए।